"हर काम देश के नाम"

# कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक

उलान बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010

Office of the Controller General of Defence Accounts

Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt.- 110010

दूरभाष: 011-25665742 फैक्स : 011-25674806, 25674821 ई-मेल: hindicell.cgda@nic.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## राजभाषा अनुभाग

विषय : कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक की दिनांक 17 मार्च, 2023 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।

इस मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की मार्च 2023 को समाप्त तिमाही बैठक 17 मार्च, 2023 को प्रातः 10:15 बजे श्रीमती रसिका चौबे, भा.र.ले.से., वित्तीय सलाहकार (रक्षा सेवाएं) एवं रक्षा लेखा महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में श्रीमती देविका रघुवंशी, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक (प्रशासन), श्री साहिल गोयल, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा उप महानियंत्रक (प्रशासन), श्री शशि प्रताप सिंह, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक (प्रशासन) व श्री मोहन लाल मीना, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक (प्रशासन) के साथ निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :

| | |
|---|---|
| 1. | श्री सतीश कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (पेंशन) |
| 2. | श्री अजय सेठ, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेखापरीक्षा पेंशन) |
| 3. | श्री निहार रंजन, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (ए.वि.स.) |
| 4. | श्री गिरीजेश कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशिक्षण) |
| 5. | श्री देवेन्द्र मोहन, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशासन-VIII) |
| 6. | श्री हंसराज तिवारी, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेखा एवं बजट) |
| 7. | श्री प्रदीप कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशासन-II) |
| 8. | श्री राजेन्द्र कुमार छाबड़ा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 9. | श्री सुजीत कुमार, लेखा अधिकारी (सू.प्रौ.प्र.) |
| 10. | श्री कुमार सत्यप्रिय श्रीवास्तव, सदस्य सचिव (राजभाषा) |
| 11. | श्रीमती काकोली दत्ता, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 12. | श्रीमती रुचिता सहाय ,वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 13. | श्रीमती वॉइलेट खैलख़ो, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 14. | श्री रवि कुमार, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 15. | श्री अरविन्द, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 16. | सुश्री प्रज्ञा कुमारी, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |

सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदया एवं अन्य सदस्यों के स्वागतोपरांत अध्यक्ष महोदया की अनुमति के बाद बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। बैठक में निम्नलिखित मदों पर विचार-विमर्श किया गया:-

**मद सं. 1 : <u>दिनांक 28 दिसम्बर, 2022 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि</u> :**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक दिनांक 28 दिसम्बर, 2022 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त और सूचना बिन्दु अपेक्षित कार्रवाई के लिए सभी संबंधित सदस्यों को जारी कर दिए गए थे। कार्यवृत्त के संबंध में किसी भी सदस्य से कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि मान ली गई।

मद सं. 2 : पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई:

(i) समिति को अवगत करवाया गया कि मुख्यालय में तैनात 31 आशुलिपिकों में से 12 आशुलिपिकों को हिंदी आशुलिपि का ज्ञान प्राप्त है।

शेष आशुलिपिकों को वर्ष 2023-24 के अगले सत्र में नामित किया जाएगा।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर अपनी सहमति जताई और कहा कि शेष आशुलिपिकों को अगले सत्र में प्रशिक्षण के लिए नामित किया जाए।

**[कार्रवाई : प्रशासन-IV (स्थानीय)]**

(ii) नए भर्ती कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों के लिए Induction Course का आयोजन।

समिति को अवगत करवाया गया कि नए भर्ती कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों के लिए Induction Course का शीघ्र ही आयोजन किया जाएगा।

इस पर अध्यक्ष महोदया ने निर्देश दिए कि नए भर्ती कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों के लिए Induction Course का आयोजन शीघ्र ही किया जाए।

(iii) अनुवाद अधिकारियों के लिए केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो द्वारा संचालित अनिवार्य अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम।

समिति को अवगत करवाया गया कि वर्ष 2023-24 के लिए केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो द्वारा अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम का कैलेंडर जारी होने पर कार्रवाई की जाएगी।

इस पर अध्यक्ष महोदया ने अपनी सहमति जताई।

**[कार्रवाई : सभी प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालय, प्रशिक्षण एवं विकास केन्द्र, बरार स्क्वायर एवं राजभाषा अनुभाग (स्थानीय) - मद संख्या 2(ii) एवं (iii)]**

मद सं. 3: सितम्बर, 2022 तथा दिसम्बर, 2022 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा:

सदस्य सचिव ने सितम्बर, 2022 तथा दिसम्बर, 2022 की तिमाहियों के हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित रिपोर्टों के आंकड़े समिति के समक्ष प्रस्तुत किए।

अध्यक्ष महोदया ने निर्देश दिए कि हिंदी पत्राचार में बढ़ोतरी के लिए सबको निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।

**[कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय)]**

मद सं. 4 : हिन्दी प्रशिक्षण की स्थिति:

मुख्यालय में तैनात 26 लिपिकों में से 09 लिपिकों को हिंदी टंकण का ज्ञान है। नियमानुसार सभी लिपिकों को हिंदी टंकण का ज्ञान होना आवश्यक है।

केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान में फरवरी, 2023 सत्र के लिए नामित 06 कार्मिकों को राजभाषा अनुभाग द्वारा मुख्यालय में ही हिंदी टंकण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शेष लिपिकों को भविष्य में केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान में स्लॉट (slot) की उपलब्धता के अनुसार नामित किया जाएगा।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर अपनी सहमति जताई।

**[कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय)]**

**मद सं. 5 : <u>हिन्दी कार्यशाला का आयोजन</u>:**

ओ.टी.आई. गुरूग्राम द्वारा दिनांक 13.02.2023 से 24.02.2023 तक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 26 कर्मचारियों ने भाग लिया।

**मद सं. 6 : <u>रक्षा लेखा विभाग में हिन्दी पदों की स्थिति</u>:**

सदस्य सचिव द्वारा विभाग में हिन्दी संवर्गीय पदों की निम्नलिखित वर्तमान स्थिति समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई:

| | स्वीकृत पद | भरे हुए पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| सहायक निदेशक(राजभाषा) | 37 | 04 | 33 |
| वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 35 | 34 | 01 |
| कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 70 | 67 | 03 |

(क) सहायक निदेशक (राजभाषा) के 33 पद रिक्त हैं। सहायक निदेशक (राजभाषा) की पदोन्नति से संबंधित "deemed abolished" 28 पदों के revival हेतु प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय में प्रक्रियाधीन है।

(ख) अध्यक्ष महोदया ने निर्देश दिए कि मंत्रालय से स्वीकृति उपरांत सहायक निदेशक (राजभाषा) की प्रोन्नति की प्रक्रिया अति शीघ्र पूरी की जाए।

**[कार्रवाई : प्रशासन-II/VIII अनुभाग (स्थानीय)]**

**मद संख्या : 7 <u>राजभाषा संबंधी निरीक्षण</u>**

**(क) संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण :**

समिति को अवगत कराया गया कि संसदीय राजभाषा समिति द्वारा इस तिमाही में विभाग के निम्नलिखित कार्यालयों का निरीक्षण उनके समक्ष दर्शाई गई तारीखों को किया गया :-

| क्र.सं. | कार्यालय का नाम | निरीक्षण की तारीख |
|---|---|---|
| 1. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (पें), प्रयागराज | 03.01.2023 |
| 2. | लेखा अधिकारी, दुर्ग अभियंता (सेना), जैसलमेर | 26.12.2022 |
| 3. | रक्षा लेखा नियंत्रक, पटना | 27.02.2023 |

**(ख) स्थानीय अनुभागों का राजभाषा संबंधी निरीक्षण :**

दिनांक 21.02.2023 से 15.03.2023 तक स्थानीय अनुभागों का राजभाषा संबंधी निरीक्षण किया गया था। सभी अनुभागों द्वारा अनुवर्ती कार्रवाई हेतु रिपोर्ट तैयार की जा रही है एवं इसे शीघ्र ही प्रेषित कर दिया जाएगा।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

मद सं .8 : <u>अध्यक्ष महोदया की अनुमति से अन्य विषय</u>:

अध्यक्ष महोदया ने जानकारी दी कि शीघ्र ही रक्षा लेखा महानियंत्रक की वेबसाइट पर एक डैशबोर्ड प्रदर्शित किया जाएगा जहां पर रक्षा लेखा विभाग की उपलब्धियां साझा की जाएंगी साथ ही अध्यक्ष महोदया ने सुझाव दिया कि राजभाषा से संबंधित ऐसे तथ्य जो लोगों को राजभाषा के अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करें, भी डैशबोर्ड पर प्रदर्शित किए जाएं।

**[कार्रवाई : सू.प्रौ.प्र. एवं राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

अंत में अध्यक्ष महोदया को धन्यवाद देने के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न हुई।

03/04/23
(कुमार सत्यप्रिय श्रीवास्तव)
वरिष्ठ लेखा अधिकारी (राजभाषा)